आबू पर्वत ( ज्ञान सरोवर ) १७ अगस्त २०१८.
आज ज्ञान सरोवर स्थित हार्मनी हॉल में ब्रह्माकुमारीज एवं आर ई आर एफ की भगिनी संस्था, "सूचना प्रद्योगिकी प्रभाग" के संयुक्त तत्वावधान में एक अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मलेन का मुख्य विषय था - " लीडरशिप टू डिटेक्ट,
डिटैच, डीटॉक्स "
. इस सम्मलेन में भारत वर्ष के विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में प्रतिनिधिओं ने भाग लिया। दीप प्रज्वलित करके सम्मेलन का उदघाटन सम्पन्न हुआ।

सूचना प्रद्योगिकी प्रभाग की अध्यक्षा तथा ज्ञान सरोवर की निदेशक राजयोगिनी निर्मला दीदी जी ने अपना उद्बोधन इन शब्दों में प्रस्तुत किया। आप ने बताया की यहां के माहौल में आपको ध्यान सीखने में सुबिधा होगी और इसका बढ़िया अभ्यास कर सकेंगे। आप खुद को यहां एक विद्यार्थी मानिये। आप यहां स्पिरिचुअलिटी को सीखेंगे और आत्म साथ करेंगे। आपको अच्छा स्वास्थ्य , बढ़िया रिश्ते और खुशनुमा माहौल चाहिए कार्य करने के लिए। इन सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने में यहां की शिक्षाएं मददगार होंगी।

धन और पद से लगाव हानि कारक है। रिश्तों में लगाव भी दुखद है। इनसे बाहर निकलने की लिए जीवन की सच्चाई को जानना जरूरी है। आप यहां दो - तीन दिनों में इन बातों को जान जाएंगे। यहां के प्रवास का लाभ लीजिये। सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से संस्थान के महासचिव राजयोगी निर्वैर जी ने भी सम्बोधित किया।

**बी के यशवंत ने आई टी विंग के सफर के बारे में बताया। कहा की धीरे धीरे हम यहां तक आ पहुंचे हैं और कामना है की आई टी प्रोफेशन जे जुड़े युवाओं को इस प्रभाग के माध्यम से स्पिरिचुअलिटी का स्वाद बताया जाए ताकि ये अपनी जीवन को मूल्यवान बना कर देश और समाज की बढ़िया सेवा कर सकें ।**

ब्रह्मा कुमार बालाकिशोर ने भी अपने उदगार प्रकट किये ।

**ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने ध्यानाभ्यास करवाया और मंच का भी संचालन किया।**

(रपट :बी के गिरीश , मीडिया , ज्ञान सरोवर )